# साइबर सेल ने लौटाए 1.82 करोड़ के 736 मोबाइल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 7 दिसंबर ।** ग्वालियर पुलिस को प्रतिदिन मोबाइल गुम होने संबंधी आवेदन सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो रहे हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए साइबर सेल ग्वालियर के माध्यम से, पुलिस ने आमजन के चेहरे पर मुस्कान लौटाने का सराहनीय काम किया। पुलिस ने जुलाई से दिसम्बर माह की अवधि

**इस साल 3 करोड़ 72 लाख रुपए कीमत के कुल 1503 मोबाइल बरामद किए**

में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न कम्पनियों के 736 मोबाइलों एवं टेबलेट को देश के अलग-अलग राज्यों एवं शहरों से बरामद किया है, जिनकी कुल कीमत लगभग 1 करोड़ 82 लाख रूपये है। सभी मोबाइल धारकों ने जैसे ही अपने मोबाइल प्राप्त किए सभी के चेहरे पर पुनः मुस्कान



लौट आई। सभी मोबाइल मालिकों ने पुलिस अधिकारियों एवं साइबर सेल की टीम को धन्यवाद दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व) विदिता डागर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य / यातायात) अनु बेनीवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (पश्चिम/अपराध) सुमन गुर्जर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जयराज कुबेर को अपने अधीनस्थ थाना क्षेत्रों में गुम मोबाइलों को ट्रेस कराने हेतु निर्देशित किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में डीएसपी अपराध नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी साइबर सेल उ.नि.रजनी सिंह रघुवंशी द्वारा मोबाइल गुम होने संबंधी प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करने हेतु साइबर सेल की टीम को लगाया गया है।

### लावारिस मिले मोबाइलों को जमा कराने वाले भी हुए सम्मानित

ग्वालियर पुलिस ने उन नागरिकों को भी प्रोत्साहन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदाय किये हैं जिनमें किरन केन पत्नि विकास गुप्ता, होतम सिंह कदम, विजय सिंह तोमर,अरुण राजावत शामिल हैं, जिन्होने जागरुक नागरिक होने का कर्तव्य निर्वहन करते हुये लावारिस मिले मोबाइलों को साइबर सेल में आकर स्वयं जमा करा कर सराहनीय कार्य किया। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने साइबर सेल की टीम को उक्त कार्य हेतु पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

**सराहनीय भूमिका :**

मोबाइलों को खोजने में प्रभारी साइबर सेल उप निरीक्षक श्रीमती रजनी सिंह रघुवंशी, विश्वीर सिंह जाट, उनि रुबी भार्गव, आरक्षक जैनेन्द्र गुर्जर, कपिल पाठक, सोनू प्रजापति, शिवकुमार यादव, प्रदीप यादव, आशीष शर्मा, विपिन सिकरवार, देवेश शर्मा, की भूमिका रही।

### इनके चेहरे पर आई मुस्कान

लता कुशवाह- जो एक गृहणी हैं व इनके पति प्लम्बर हैं मेहनत मजदूरी कर मोबाइल 2 माह पहले ही किस्तों पर उठाया था जो किराना की दुकान पर सामान खरीदते समय मोबाइल गुम हो गया था। विनोद सिकरवार जो विकलांग हैं और सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर मोबाइल लिया था, हजीरा पर दूध लेने गये थे उसी दौरान इनका मोबाइल गिर गया था। नवीन माँझी जो निर्धन परिवार से आते हैं और टमटम चलाकर अपने परिवार को पालन पोषण करते हैं। किशन लाल का मोबाइल अचलेश्वर मंदिर पर दर्शन करते समय गिर गया था। पायल सोलंकी जो जीआरएमसी से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है और इंदौर से ग्वालियर बस से ग्वालियर आ रहीं थी ग्वालियर आकर जब मोबाइल देखा तो मोबाइल नही मिला, उनका मोबाइल गुम हो गया था। इसी प्रकार अन्य आवेदकगणों के मोबाइल भी गुम हुये थे जिस कारण सभी बहुत परेशान थे।

### मोबाइल गुम होने पर पोर्टल पर ऐसे करें शिकायत

अगर अपका मोबाइल गुम या चोरी हो गया है तो सबसे पहले नजदीकी थाने जाकर शिकायत दर्ज करायें और अपनी सिम को संबंधित कंपनी से पुनः निकलवायें, इसके बाद सीईआईआर पोर्टल पर जाकर मोबाइल का आईएमईआई नंबर ब्लॉक करें जिसमें थाना का शिकायती आवेदन, मोबाइल का बिल और अपना एक पहचान पत्र पॉर्टल पर अपलोड कर आवेदन ऑनलाइन जमा करें। उसके बाद आपको एक 18 अंकों की एक रिक्वेस्ट आईडी मिल जायेगी जिससे शिकायत की स्थिति का पता किया जा सकेगा।

**क्या है सीईआईआर पोर्टल**

सीईआईआर पोर्टल सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) भारत सरकार दूरसंचार विभाग का पोर्टल है। सीईआईआर संचार सारथी की मदद से कोई भी व्यक्ति अपने चोरी अथवा गुम हुए मोबाइल का आईएमईआई नंबर ब्लाक कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं जिसके उपरान्त पुलिस द्वारा इस पोर्टल के माध्यम से मोबाइल को आसानी से खोजा जा सकेगा।

# राजयोग दुनिया को एक सुंदर दुनिया में बदलने का अभ्यास : प्रो. संजय

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 7 दिसंबर ।** माधवगंज स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रभु उपहार भवन में 'सकारात्मक सोच से खुशनुमा जीवन' विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में

**जीवन में वास्तविक मूल्य चीज़ों का नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार और स्वभाव का है - प्रहलाद भाई**

मुख्य रूप से केंद्र प्रमुख बीके आदर्श दीदी, भारतीय जनसंचार संस्थान के पूर्व महानिदेशक एवं माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर संजय द्विवेदी, आईटीएम विश्व विद्यालय के प्राध्यापक डॉ मनीष जैसल, प्रेरक वक्ता एवं राजयोग



ध्यान प्रशिक्षक बीके प्रहलाद भाई उपस्थित थे।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी आदर्श दीदी ने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि हमारे संस्कारों को दिव्य बनाने वाला सबसे श्रेष्ठ भोजन है, परमात्मा का नित्य सत्संग। जैसे शरीर को भोजन न मिले तो वह कमजोर होने लगता है, वैसे ही आत्मा को सत्संग न मिले तो वह थक जाती है, उलझ जाती है, और धीरे-धीरे जीवन में खालीपन महसूस होने लगता है। सच्ची खुशी और शांति तो प्रतिदिन ईश्वर की याद से ही आ सकती है। प्रोफ़ेसर संजय द्विवेदी ने कहा कि यह एक ऐसी जगह है जहां से राजयोग का ज्ञान प्राप्त होता हैं राजयोग हमारी दुनिया को एक सुंदर दुनिया में बदलने का अभ्यास हैं हम सब चाहते हैं कि बेहतर दुनिया बने उसमें सब लोग सुख शांति और आनंद के साथ रहें। उस आनंद की खोज में ही इस राजयोग का विकास हुआ है। मोटिवेशनल स्पीकर बीके प्रहलाद भाई ने कहा कि इंसान इस दुनिया में बहुत कुछ करता है। अपने सपने पूरे करता है, रिश्तों को निभाता है, अनुभव की लेन देन करता है, जीवन को सुंदर बनाने के प्रयास में रहता है। लेकिन हमारे पास जो जमा होता है वह है हमारे श्रेष्ठ कर्म, हमारे संस्कार और हमारी अच्छाई जो हमारे साथ भी जाती है। इसलिए जीवन में वास्तविक मूल्य चीज़ों का नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार, हमारे स्वभाव और हमारे आंतरिक भावों का है।

जीवन में सबसे बड़ा शत्रु क्रोध है। क्रोध इंसान की बुद्धि को खराब कर देता है, रिश्तों को तोड़ देता है और मन की शांति को छीन लेता है। क्रोध क्षणिक होता है, लेकिन उसका प्रभाव लंबे समय तक रहता है। जब हम बाहरी दिखावे से हटकर अपने भीतर झाँकते हैं तभी जीवन में सच्चा संतोष आता है। कार्यक्रम में अनेकानेक लोग उपस्थित थे।

# एक ही रात में दो दुकानों से चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 7 दिसंबर।** भितरवार से शटर उचका कर दुकान से चोरी करने वाला संदिग्ध आरोपी चोरी के दिन से घर पर नहीं है और झांसी में रेल्वे स्टेशन के सामने बने यात्री प्रतिक्षालय में ठहरा हुआ है। पुलिस को जैसे ही यह सूचना मुखबिर ने दी थाना प्रभारी भितरवार सुधीर सिंह कुशवाह ने पुलिस की एक टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर भेजा। वहाँ प्रतिक्षालय में बैठे एक व्यक्ति ने पुलिस टीम को देखकर भांगने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर

**आरोपी की निशादेही पर चोरी गये माल सीसीटीव्ही कैमरो की स्टोरेज (डीव्हीआर) एवं नगदी रुपये बरामद किय**

पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम करूआ उर्फ राजकुमार उर्फ बृजेन्द्र पुत्र बाबूलाल रावत उम्र 27 साल निवासी ग्राम करही थाना करैरा जिला शिवपुरी का होना बताया। पुलिस द्वारा पकड़े गये संदिग्ध व्यक्ति से गहनता से पूछताछ करने पर उसने गायत्री धर्मशाला के सामने करैरा रोड सासन से एवं वार्ड क्रमांक 1 में हार्डवेयर की दुकान की शटर उचका कर अन्दर से चोरी करना स्वीकार किया। पकड़े गये आरोपी की निशादेही पर चोरी गये माल सीसीटीव्ही कैमरो की स्टोरेज (डीव्हीआर) एवं नगदी रुपये बरामद किये गये हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर उससे क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि विपिन जैन पुत्र राजकुमार जैन उम्र 32 साल निवासी ग्राम कैरूआ ने अपनी किराने की दुकान गायत्री धर्मशाला के सामने करैरा रोड़ से अज्ञात व्यक्ति द्वारा शटर तोडकर चोरी होने के संबंध रिपोर्ट करायी थी एवं उसी रात उदयभान रावत की वार्ड क्रमांक 1 में हार्डवेयर की दुकान पर भी चोरी होने के संबंध में रिपोर्ट कराई गई थी।

# टीओआर से गैर अंशदायी पेंशन योजनाओं की अनफंडेड लागत शब्द हटाया जाए : तरेटिया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 7 दिसंबर ।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ मध्य प्रदेश से जारी विज्ञप्ति में आरएस तरेटिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रांताध्यक्ष मध्य प्रदेश भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने बताया है कि 8वें वेतन आयोग की शर्तों टीओआर में भारत सरकार ने पेंशनर्स के लिए उल्लेख किया है कि गैर अंशदायी पेंशन योजनाओं की अनफंडेड लागत वाक्यांश तत्काल विलोपित किया जावे । यह वाक्यांश 8वें वेतन आयोग से भारत के पेंशनर्स को वंचित करने की ओर इंगित करता है । जबकि सांसदों , विधायकों , सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों या अन्य संवैधानिक पदाधिकारियों की पेंशन के संबंध में ऐसी कोई शब्दावली अनफंडेड स्कीम का उपयोग नहीं किया गया है।

तरेटिया ने बताया कि डी एस नाकरा जी के केस में सुप्रीमकोर्ट कोर्ट ने कहा है कि पेंशन नियोक्ता की इच्छा से दिया गया उपहार नहीं है बल्कि यह संवैधानिक अधिकार है। तरेटिया ने बताया कि हम सरकार की पेंशन पर प्रभाव डालने की मंशा को पूरा नहीं होने देंगे चाहे हमें सड़क पर ही क्यों न उतरना पड़े ।

# सज धज महोत्सव में रेट्रो थीम पर महिलाओं ने किया रैंप वॉक



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 7 दिसंबर।** श्री दुर्गेश्वरी क्षत्रिय राजपूत महिला समिति द्वारा भव्य सज धज महोत्सव का आयोजन रीजेंसी स्क्वायर में अनेक प्रतिस्पर्धाओं के साथ आयोजित किया गया। समिति की पदाधिकारी लक्ष्मी जादौन, पिंकी जादौन, अनीता भदौरिया और रितु चौहान के मुताबिक कार्यक्रम बनारसी साड़ी थीम पर आधारित था, इसमें

**श्री दुर्गेश्वरी क्षत्रिय राजपूत महिला समिति का आयोजन..**

रेट्रो थीम पर आधारित डांस कॉम्पिटिशन में सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बनारसी थीम पर रैंप पर महिलाओं ने रैंप वॉक किया और फोटोशूट भी करवाया।

इस आयोजन में बहुत सारे सरप्राइज़ और गेम भी रखे गए थे। सभी महिलाओं ने बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। और सभी ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

**यह अवार्ड दिए गए कार्यक्रम में**

**पंक्चुअलिटी..**

प्रथम मीरा तोमर, द्वितीय गीता भदौरिया, तृतीय अनुपमा राजावत, चतुर्थ रुचि कुशवाह और पंचम मंजू लता भदौरिया स्थान पर रही।

**रेट्रो थीम पर आधारित डान्स कंप्टीशन में...**

सीनियर ग्रुप में प्रियंका भदौरिया प्रथम, ममता कुशवाह द्वितीय, नम्रता परिहार तृतीय स्थान रहीं.

**जूनियर ग्रुप में -**

प्रथम-मोनिका चौहान, द्वितीय-नीति सिंह तोमर, रश्मी भदौरिया तृतीय स्थान पर रहीं।

सभी महिलाओं ने बनारसी साड़ी थीम पर अपनी एकरूपता का परिचय दिया।





# कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच की स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा 27 दिसंबर को ग्वालियर आयेगी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 7 दिसंबर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संयुक्त रूप से देशभर में स्वदेशी संकल्प रथयात्राएँ प्रारंभ की गई हैं। 15 नवंबर को नागपुर से रवाना हुई रथयात्रा 27 दिसंबर, शनिवार को ग्वालियर आयेगी। कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने बातया कि इस संबंध में कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच की बैठक लक्ष्मीबाई कॉलोनी में आयोजित की गई। बैठक में भूपेन्द्र जैन, स्वदेशी जागरण मंच की ओर से राकेश शर्मा, आदेश शर्मा, सुधीर भदौरिया, सर्वेश दीक्षित, धमेन्द्र शर्मा उपस्थित थे। जबकि रथयात्रा के प्रभारी अर्पित भार्गव, सचिन राजपूत, कृष्ण मुरारी शर्मा, विकास गुप्ता, डॉ. सौरभ खंडेलवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

रविवार, 7 दिसंबरको संभागीय अध्यक्ष दीपक पमनानी की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्णय हुआ कि गुना, शिवपुरी, श्योपुर क्षेत्र का कार्य वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जैन देखेंगे। जबकि मुरैना, भिण्ड, दतिया, ग्वालियर का कार्य संभागीय महामंत्री मुकेश जैन और उनकी टीम देखेगी। इस संबंध में ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र के संसदीय सदस्य सांसद भारत सिंह कुशवाह जी से मिलकर यात्रा का पूरा विवरण प्रदान किया जायेगा एवं मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ी नरेन्द्र सिंह तोमर जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जायेगा।

# दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी आमखो से गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 7 दिसंबर।** दुष्कर्म के प्रकरण में फरार आरोपी आमखो के पास देखा गया है, पुलिस को मुखबिर से

सूचना मिली पुलिस मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा तब उसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा और नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विवेक गिरी पुत्र प्रेम गिरी उम्र 24 साल निवासी ग्राम बनवार चीनोर का होना बताया। गौरतलब है कि मनीषा (परिवर्तित नाम) उम्र 23 वर्ष निवासी ग्वालियर ने थाना कंपू पर एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसमें आरोप लगाया कि लगभग पाँच माह पूर्व उसकी पहचान विवेक गिरी निवासी ग्राम बनवार से बस में हुई थी। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत भी होती रही। पिछले अगस्त माह में विवेक ने अनीता को कहा कि वह उसे कंप्यूटर ऑपरेटर की निजी नौकरी लगवा देगा और उसके दस्तावेज कंपू स्थित अपने कमरे पर मंगाए। प्रार्थिया जब दस्तावेज देने पहुँची, तभी आरोपी ने कमरे की कुंडी बंद कर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और उसके आपत्तिजनक फोटो मोबाइल में ले लिए। आरोपी ने फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसे बार-बार मिलने के लिए मजबूर किया और हर बार उसके साथ गलत काम करता रहा। आरोपी ने प्रार्थिया को राक्सी पुल के पास स्थित एक होटल में बुलाया, जहाँ उसने पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिलाया और उसके साथ पुनः गलत काम किया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर से आरोपी विवेक गिरी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

## युवती को दी वीडियो वायरल करने की धमकी, मामला दर्ज

**ग्वालियर, 7 दिसंबर।** ग्वालियर थाना क्षेत्र के गोसपुरा में रहने वाली 18 वर्षीय युवती को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर परेशान करने वाले युवक के खिलाफ मामला कायम किया है। आरोपी विशाल वर्मा पुत्र दशरथ वर्मा निवासी डॉ. साहनी के पीछे गोसपुरा नम्बर 2 में रहता है। विशाल वर्मा पिछले दो महीने से एक युवती का पीछा कर रहा था और उसे वीडियो वायरल करने की धमकियां दे रहा था। युवती ने आरोपी विशाल को टोका इस तरह परेशान मत किया करो, नहीं तो तुम्हारी शिकायत कर दूंगी। पर आरोपी विशाल नहीं माना और लगातार परेशान करता रहा।

# अवैध गिट्टी, मुरम ले जाते तीन डंपर पकड़े

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 7 दिसंबर ।** अवैध गिट्टी एवं मुरम का परिवहन कर रहे तीन डंपरों को खनिज विभाग की टीम ने पकड़ा है। इन डंपरों को खनिज विभाग ने जब्त कर थाने में रखवा दिया है। कलेक्टर रूचिका चौहान के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा अवैध गिट्टी, मुरम, रेत आदि का परिवहन करने वाले डंपर चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार की रात को खनिज विभाग की टीम ने गिट्टी एवं मुरम ले जा रहे तीन डंपरों को रोका और इनसे रॉयलटी की रसीद मांगी गई, लेकिन इनमें से किसी के भी पास रॉयलटी की रसीद नहीं थी। खनिज विभाग की टीम ने तीनों डंपर आरजे जी.सी 7811, यूपी 80 डी.टी 7588 एवं आरजे 11 जी.सी 0784 को जब्त कर उन्हें बिलौआ थाने में रखवाया गया है।


जैन मार्बल एंड कोटा स्टोन

हमारे यहां साउथ ग्रेनाइट, राजस्थान ग्रेनाइट, मार्बल, टाईल्स एवं कोटा स्टोन डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है



डॉ. विनोद जैन
9425360508

पता - ऋतुराज होटल के पास पुरानी छावनी रोड, ग्वालियर
गोले का मंदिर भिंड रोड, लीला हॉस्पिटल के पास, ग्वालियर
पारस जैन - 74892 60095

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460


# सर्व आदि गौड ब्राह्मण समाज का परिवार मिलन व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर, 7 दिसंबर।** सर्व आदि गौड ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अण्णा महाराज ट्रस्ट के महंत श्री श्री मनीष अण्णा थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के पूर्व अध्यक्ष व सुप्रसिध्द ज्योतिषाचार्य पंडित गिरिराज शरण शर्मा जी शास्त्री द्वारा की गई। भगवान परशुराम जी के पूजन से शुरू हुए उक्त कार्यक्रम में कविता मिश्रा द्वारा गणेश वंदना की सुन्दर प्रस्तुति दी गई। निवृत्तमान अध्यक्ष पंडित महेश मिश्रा द्वारा मंच पर अतिथिगण का स्वागत किया गया। इस अवसर पर समस्त ब्राह्मण समाज के उप वर्गों के अध्यक्ष उपस्थित थे। सभी उप वर्गों के अध्यक्षों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया! अध्यक्ष महेश मिश्रा द्वारा अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात शपथ विधि अधिकारी पं. रमेश चन्द्र मिश्रा द्वारा नवीन का कार्यकारिणी को उनके दायित्व की शपथ दिलाई गई! पं. अशोकानंद मिश्रा द्वारा समाज के अध्यक्ष, प्रिया शर्मा द्वारा महिला सभा की अध्यक्ष तथा पंकज शर्मा द्वारा युवा सभा के अध्यक्ष पद की शपथ ली। उपस्थित सभी उप वर्गों तथा समाज के वरिष्ठ जन द्वारा नवीन कार्यकारिणी का पुष्पाहारों से स्वागत कर बधाई दी गई। तीनों अध्यक्ष द्वारा आगामी दिनों में किए जाने वाले कार्यों का संकल्प लिया गया तथा समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य परामर्श दाता एवं पूर्व अध्यक्ष पं. अशोक शर्मा द्वारा किया गया तथा आभार पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित लक्ष्मी नारायण शर्मा द्वारा दिया गय। अन्त में सभी ने मिलकर स्वादिष्ट भोजन की आनंद लिया गया!

# वेदांत हॉस्पिटल में आज नरेंद्र सिंह तोमर करेंगे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 7 दिसंबर।** एनएबीएच एक्रेडिटेड वेदांत हॉस्पिटल द्वारा आज एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्घाटन दोपहर 1 बजे विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा किया जाएगा। यह शिविर वी.आई.पी.एस कॉलेज कैंपस, बानमोर, एबी रोड, ग्वालियर में आयोजित होगा। शिविर के आयोजक रामवीर सिंह जादौन ने बताया कि शिविर में जनरल मेडिसिन, हृदय रोग, न्यूरोसर्जरी, हड्डी रोग, नेत्र रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग सहित कई



विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। शिविर में बीपी, डायबिटीज, आंखों की जांच, लिवर टेस्ट तथा अन्य आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र मरीजों को 5 लाख तक का नि:शुल्क इलाज भी किया जाएगा।